(vi) पर्याप्त दूरी तक अधिक यातायात सघनता वाली सड़कें, और

(vii) ऐसी सड़कें जिनसे यात्रादूरी में कमी हो और उसके फलस्वरूप पर्याप्त आर्थिक बचत हो सके।

(ग) राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई, मध्य प्रदेश को छोड़कर, सभी राज्यों की तुलना में सर्वाधिक अर्थात 2931 कि०मी० है।

**Development of New Port by Private Sector**

1193. SHRI PARMESHWAR KUMAR AGARWALLA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government porpose to encourage private investment for the development of new port facilities and also to throw open select port operations to the private sector;

(b) whether the modalities have been fixed for the purpose;

(c) if so, the details thereof; and

(d) by when the process of private investment and private participation would commence?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Government encourages private sector participation in the development of port facilities.

(b) and (c) Proposals are advertised for private sector participation and effors received are evaluated by the Port Trusts. Each case is decided on its merits.

(d) It is a continuing process.

1194. [*Transferred to 5th March, 1993*].

**पौड़ी-गड़वाल में सड़कों को पक्का किया जाना**

1195. **श्रीमती कैलाशपति:** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पौड़ी गढ़वाल जनपद में वाणघाट कांसखेत-पौड़ी मार्ग को पक्का किया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो कितने समय से इसे पक्का नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सच है कि इस मार्ग में खड़ी चढ़ाई है और वाहनों का इन पर चलना कठिन व जोखिम भरा है;

(घ) क्या यह भी सच है कि कुछ वर्ष पूर्व इस सड़क को पक्का करने और चढ़ाई को कब करने से संबंधित कार्य आरंभ किया गया था लेकिन बाद में इसे रोक दिया गया था; और

(ङ) क्या सरकार इस सड़क को पक्का करने के लिए कोई कदम उठाने का विचार रखती है जिससे इस पर वाहन सुचारू रूप से चल सके, यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**जल-भूतल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)**: (क) से (ङ) संवैधानिक रूप से भारत सरकार मुख्यतः राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित सड़कों के लिए ही जिम्मेदार है। राष्ट्रीय राजमार्गों को छोड़कर अन्य सभी सड़कों का विकास राज्यीय क्रिया-कलापों के अंतर्गत आता है। चूंकि उत्तर प्रदेश की प्रश्नगत सड़क इस समय राज्य सड़क नेटवर्क का हिस्सा है इसलिए इसके रख-रखाव के लिए संबंधित राज्य सरकार जिम्मेदार है।

**Transfer of Andaman-Calcutta Service to Andaman Administration**

1196. SHIR RAMACHANDRAN PILLAI : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that Shipping Corporation of India has decided to transfer the Andaman-Calcutta service to Andaman Administration;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) whether Government propose to review the position;